रणजीत टाइम्स
इंदौर
गुरुवार, 6 नवम्बर, 2025
वर्ष 01 | अंक 275 | कुल पृष्ठ : 8 | Digital
RNI-NO.MPHIN/2015/64585
प्रधान संपादक : गोपाल गावंडे

# किसानों को 'बिजली' वाले मामले में एमपी सीएम का ऐक्शन

● 10 घंटे से ज्यादा बिजली दी तो काट लेंगे वेतन का आदेश रद्द ● सीएम डॉ.मोहन यादव ने की कार्रवाई, चीफ इंजीनियर को हटाया



**भोपाल।** मध्य प्रदेश में किसानों के कल्याण के लिए सरकार काम कर रही है। इस बीच बिजली विभाग के आदेश के बाद प्रदेश की सियासत गर्म हो गई है। तीन नवंबर को जारी आदेश में कृषि फीडरों पर तैनात कर्मियों को चेतावनी दी गई थी कि 10 घंटे से एक मिनट भी अधिक बिजली की सप्लाई की गई तो एक दिन का वेतन काट लिया जाएगा। बिजली विभाग के आदेश पर मामले ने तूल पकड़ा तो सीएम मोहन यादव ने जवाब दिया है। उन्होंने कहा है कि अन्नदाता (किसानों) का हित हमारे लिए सर्वोपरि है। किसानों के कल्याण के लिए हमारी सरकार पूरी प्रतिबद्धता से काम कर रही है। किसानों को हर हाल में 10 घंटे निर्बाध बिजली आपूर्ति की जाएगी। उन्होंने कहा कि जिस सर्कुलर को लेकर जनसामान्य में गलतफहमी पैदा हुई है, उस विवादित सर्कुलर को तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया गया है। साथ ही विवादित सर्कुलर मामले से जुड़े संबंधित चीफ इंजीनियर को भी तत्काल प्रभाव से हटा दिया गया है। मुख्यमंत्री यादव ने कहा है कि प्रदेश में संवेदनशील और किसान हितैषी सरकार काबिज है। किसानों के समग्र उत्थान के लिए हमारी सरकार ने लिए कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए हैं। उन्होंने कहा कि बिजली आपूर्ति से संबंधित विवादित सर्कुलर रद्द कर दिया गया है। इसे जारी करने वाले संबंधित अधिकारी पर भी विधि अनुरूप कार्रवाई की जा रही है। दरअसल, तीन नवंबर को बिजली विभाग के महाप्रबंधक एके जैन के साइन से एक पत्र जारी हुआ था।

## किसानों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है हमारी सरकार:सीएम



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि अन्नदाता (किसानों) का हित हमारे लिए सर्वोपरि है। किसानों के कल्याण के लिए हमारी सरकार पूरी प्रतिबद्धता से काम कर रही है। किसानों को हर हाल में 10 घंटे निर्बाध बिजली आपूर्ति की जाएगी। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने बुधवार को जारी संदेश में यह बात कही। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि जिस सर्कुलर को लेकर जनसामान्य में गलतफहमी पैदा हुई है, उस विवादित सर्कुलर को तत्काल प्रभाव से निरस्त कर दिया गया है। साथ ही विवादित सर्कुलर मामले से जुड़े संबंधित चीफ इंजीनियर को भी तत्काल प्रभाव से हटा दिया गया है।

# मेट्रो का अंडरग्राउंड रूट बढ़कर 12 किलोमीटर होगा, लागत और समय दोनों में बढ़ोतरी तय



इंदौर। शहर में मेट्रो प्रोजेक्ट का काम अब और आगे बढ़ेगा, लेकिन इसके साथ ही इसमें देरी और खर्च दोनों बढ़ने की संभावना भी बन गई है। सोमवार को हुई शहर विकास की बैठक में यह निर्णय लिया गया कि मेट्रो का रूट खजराना क्षेत्र से ही भूमिगत किया जाएगा। पहले मेट्रो के भूमिगत हिस्से की लंबाई 8.7 किलोमीटर तय थी, लेकिन अब इसे बढ़ाकर 12 किलोमीटर किया जाएगा।

इस बदलाव के बाद मेट्रो प्रोजेक्ट की डिजाइन, स्टेशन की स्थिति और कई तकनीकी बिंदुओं में बड़े परिवर्तन करने होंगे। फिलहाल केंद्र सरकार की ओर से सभी स्टेशनों की अधिसूचना जारी हो चुकी है और आवश्यक जमीन भी प्रशासन द्वारा आवंटित की जा चुकी है। अब नए रूट के अनुसार पुनः सर्वे किया जाएगा, उसके बाद डिजाइन में बदलाव कर इसे राज्य कैबिनेट की बैठक में प्रस्तुत किया जाएगा। इसके बाद केंद्र सरकार से भी अंतिम मंजूरी लेनी होगी, तब जाकर निर्माण कार्य नए सिरे से शुरू किया जाएगा। अधिकारियों के अनुसार, इस बदलाव से परियोजना की लागत में लगभग एक हजार करोड़ रुपये की अतिरिक्त वृद्धि होगी। फिलहाल मेट्रो परियोजना की कुल लागत पंद्रह हजार करोड़ रुपये आंकी गई है, जो बदलाव के बाद और अधिक बढ़ जाएगी। इसके साथ ही मेट्रो निर्माण का समय भी बढ़ेगा।

बंगाली चौराहे से होकर गुजरने वाला हिस्सा अब पूरी तरह भूमिगत होगा। यह इलाका पथरीला है, जिससे यहां खुदाई और निर्माण में अतिरिक्त समय और मेहनत लगेगी। अंडरग्राउंड हिस्से के लिए अलग से मिट्टी परीक्षण और अन्य तकनीकी जांचें भी कराई जाएंगी। मंत्री विजयवर्गीय ने कहा है कि रूट में होने वाले बदलाव से जो अतिरिक्त खर्च बढ़ेगा, उसकी व्यवस्था सरकार करेगी। उन्होंने यह भी कहा कि शहर के दीर्घकालिक विकास और नागरिकों की सुविधा के लिए मेट्रो का भूमिगत रूट जरूरी है। इस तरह मेट्रो परियोजना का दायरा बढ़ने से जहां शहर को आधुनिक परिवहन का एक और सशक्त साधन मिलेगा, वहीं इसके पूरा होने में कुछ और साल लग सकते हैं।

# इंदौर रेलवे स्टेशन

## लॉन्ड्री बनी अय्याशी और शोषण का अड्डा!



**शुभम कनौजिया**

इंदौर। रेलवे स्टेशन परिसर में स्थित थारू एंड संस रेलवे लॉन्ड्री लगातार विवादों में घिरती जा रही है। सूत्रों के अनुसार, कंपनी के नाम पर बनाए गए आवास को कुछ कर्मचारियों ने निजी ठिकाने के रूप में उपयोग करना शुरू कर दिया है। यहां आए दिन महिलाओं से छेड़छाड़, झगड़े और आपसी विवाद की घटनाएं सामने आ रही हैं, जिससे परिसर में असुरक्षा का माहौल बना हुआ है। जानकारी के मुताबिक, थारू एंड संस कंपनी गरीब मजदूरों का शोषण भी कर रही है। मजदूरों को अधिक वेतन का वादा किया जाता है, लेकिन भुगतान के समय कम राशि दी जाती है। कई श्रमिकों ने शिकायत की है कि कंपनी ने उनके मेहनताने में कटौती की है और आवाज उठाने पर उन्हें धमकाया जाता है।

हाल ही में कर्मचारियों के बीच आपसी विवाद इतना बढ़ गया कि झूमाझटकी की स्थिति उत्पन्न हो गई। मामला रेलवे प्रशासन के संज्ञान में आने पर अधिकारियों ने जांच प्रारंभ कर दी है। प्रशासन का कहना है कि पूरे प्रकरण की गहन जांच की जा रही है और जल्द ही सच्चाई उजागर की जाएगी।

# इंदौर में बलाई समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं भाजपा नेता हिंदु वीर मनोज परमार जी का जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया







**आदित्य शर्मा**

इंदौर। जन्मदिवस की शुरुआत बाबा भूत भावन भूतेश्वर महादेव पंच कुइयां के दिव्य दर्शन और आशीर्वाद से हुई साथ ही गो सेवा को गोग्रास आहार कराया और तुलादान किया साथ ही गोपुर चौराहा स्थित तंवर राजपूत धर्मशाला में गरीब बंधु भगिनी को कंबल वस्त्र मिठाई वितरण की गई । परदेशी पूरा स्थित कल्याण भवन वृद्ध आश्रम में वृद्धजनों को वस्त्र और मिठाई बांटी साथ ही भिक्षुक पुनर्वास केंद्र पर भी वस्त्र वितरण किए।

इंदौर। आज फूटी कोठी स्थित पुखराज पैलेस में बलाई समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं भारतीय जनता पार्टी के नेता हिंदु वीर मनोज परमार जी का जन्मदिन बड़े ही उत्साह एवं धूमधाम से मनाया गया।



कार्यक्रम में भाजपा और विभिन्न सामाजिक संगठनों के अनेक प्रमुख जनप्रतिनिधियों एवं नेताओं ने उपस्थिति दर्ज कराई। इस अवसर पर मुख्य रूप से इंदौर भाजपा नगर अध्यक्ष सुमित मिश्रा, लोकप्रिय विधायक मधु वर्मा जी, सनातनी विधायक गोलू शुक्ला जी, अजा मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष भगवान परमार जी, पूर्व विधायक जीतु जिराती जी, सभापति मुन्ना लाल यादव जी, बजरंग दल अध्यक्ष तन्नु शर्मा जी, भाजपा पार्षद टीनू जैन जी, संस्था हिंद रक्षक के संस्थापक एकलव्य सिंह गौड़ जी, इंदौर नगर उपाध्यक्ष दीपेन्द्र सोलंकी जी, वार्ड 76 की पार्षद सीमा मालवीय जी, वार्ड 35 के पार्षद राकेश सोलंकी जी, तथा पूर्व पार्षद राकेश गोयल जी ,DRI सचिव राजेश महाजन जी ,महामंडलेश्वर राधे बाबा जी ,नितिन मतकर जी आदि वरिष्ठ जानो ने आशीर्वाद ओर जन्मदिन की शुभकामनाएं प्रेषित की सहित अनेक

भाजपा कार्यकर्ता एवं सामाजिक प्रतिनिधि मौजूद रहे। सभी अतिथियों ने मनोज परमार जी को पुष्पगुच्छ भेंट कर जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के दौरान समाज की एकता, विकास, और युवा सशक्तिकरण पर चर्चा की गई। इस अवसर पर मनोज परमार जी ने कहा कि उनका संपूर्ण जीवन समाज सेवा और राष्ट्र निर्माण को समर्पित है। उन्होंने उपस्थित जनों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समाज के हर वर्ग के उत्थान हेतु उनका संघर्ष निरंतर जारी रहेगा। कार्यक्रम के अंत में केक काटा गया, मिठाई वितरित की गई और सभी ने मिलकर जन्मदिन की खुशियां मनाईं।

## दलितों के मसीहा दलित लीडर अखिल भारतीय बलाई महासंघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री मनोज जी परमार का जन्मदिन बड़े ही धूमधाम एवं सादगी के साथ मनाया गया




भाजपा नेता जगदीश राजकमल एवं अखिल भारतीय बलाई महासंघ राऊ विधानसभा अध्यक्ष ने साथियों के साथ बधाई एवं शुभकामना प्रेषित की इस अवसर पर प्रमुख रूप से लोकप्रिय विकास पुरुष विधायक श्री मधु वर्मा जी, श्री गोलू शुक्लाजी, भाजपा इन्दौर महानगर अध्यक्ष श्री सुमित मिश्रा जी, संस्था हिंद रक्षक के संयोजक श्रीएकलव्य गौड जी, भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष श्री जीतू जिराती जी, इन्दौर निगम सभापति श्रीमुन्नालाल यादव जी, भाजपा नगर महामंत्री श्री संदीप दुबे जी महामंडलेश्वर श्रीनितिनदासजी महाराज , श्रीराधे राधे बाबाजी, भाजपा नेता श्री टीनू जैनजी, श्री संजय सोलंकी नेताजी श्री चिंटू मालवीय जी श्रीविकास पथरोडजी , श्रीराजकुमार मालवीय, श्रीरवि मकवानाजी, श्रीमहेश मालवीय, श्रीधर्मेंद्र मालवीय, श्रीअमरीश बिजोनिया , श्री रामेश्वर चौहान श्रीगोकुल परमार श्री नितिन चंदेल जिला पंचायत सदस्य श्री दिलीप पटेल जी एवं समाजजन हजारों की संख्या में जन्मदिन की बधाई देने पहुंचे।

---

# "मुस्कान विशेष अभियान" के तहत, इंदौर पुलिस द्वारा भी किए जा रहे हैं विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम

**आदित्य शर्मा**

पुलिस द्वारा स्कूल/कॉलेज व बस्तियों आदि में बच्चों/बालिकाओं व महिलाओं के बीच पहुंच किया जा रहा है, उन्हें बाल व महिला अपराधों के प्रावधानों व सुरक्षा के प्रति जागरूक

इंदौर - महिला एवं बच्चों के विरूद्ध होने वाले अपराधों की रोकथाम को दृष्टिगत रखते हुए, गुम बालक/बालिकाओं की दस्तयाबी तथा बालिकाओं एवं महिलाओं की सुरक्षा और उनमें आत्मविश्वास बढ़ाने व उन्हे सशक्त एवं स्वावलंबी बनाने के उद्देश्य से पुलिस मुख्यालय के निर्देशानुसार "मुस्कान विशेष अभियान" दिनांक 01 नवम्बर से 30 नवम्बर 2025 तक चलाया जा रहा है। इसी परिपेक्ष्य में पुलिस आयुक्त नगरीय इंदौर श्री संतोष कुमार सिंह के दिशा-निर्देशन में इंदौर पुलिस कमिश्नरेट द्वारा उक्त अभियान के तहत प्रभावी कार्यवाही के साथ-साथ निरंतर रूप से स्कूल/कॉलेज व शैक्षणिक संस्थानों एवं बस्तियों/



कॉलोनी आदि में विभिन्न जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है।

इसी अनुक्रम मे अति. पुलिस आयुक्त (अपराध/मुख्या) श्री आर.के. सिंह व पुलिस उपायुक्त (मुख्यालय) श्री प्रकाश परिहार के मार्गदर्शन में अति. पुलिस उपायुक्त (महिला सुरक्षा शाखा) सुश्री संध्या राय व उनकी टीम द्वारा 'मुस्कान विशेष अभियान' के अंतर्गत स्कूल/कॉलेज आदि में जागरूकता कार्यशालाएं आयोजित किए जाने की कड़ी में आज 05.11.25 को थाना लसूडिया क्षेत्रान्तर्गत राहुल गांधी नगर बस्ती में आस संस्था के सहयोग से बालिकाओं एवं महिलाओं के लिए एक जागरूकता कार्यक्रम रखा गया। जिसमें अति. पुलिस उपायुक्त (महिला सुरक्षा शाखा) व टीम द्वारा सभी को बच्चों व महिलाओं से जुड़े सामान्य अपराधों व प्रावधानों की जानकारी, बालिका सुरक्षा हेल्पलाइन नंबर, पॉक्सो एक्ट, मानव दुर्व्यापार , बाल विवाह, गुड-टच, बेड-टच व उनसे जुड़े साइबर अपराधों की जानकारी के साथ ही पुलिस द्वारा चलाई जा रही विभिन्न सहायता हेल्पलाइन डायल-112, चाइल्ड हेल्पलाइन, साइबर हेल्पलाइन के बारें में बताया गया। इस अवसर पर बालिकाओं व महिला सुरक्षा पर बनी शार्ट फिल्म कोमल का प्रदर्शन कर भी उन्हें जागरूक किया गया। इसी प्रकार विगत 01 नवंबर से पुलिस टीम द्वारा शारदा कन्या स्कूल बड़ा गणपति एवं शर्मा अकैडमी भंवर कुआं पर भी जागरूकता कार्यशालाएं आयोजित कर, बच्चों व बालिकाओं को "मुस्कान विशेष अभियान" से रूबरू कराते हुए, उन्हें स्वावलंबन, आत्मरक्षा और सुरक्षा के प्रति जागरूक भी किया गया।

# पुलिस कमिश्नर इंदौर ने पुलिसिंग के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य कर, महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले 20 पुलिस अधिकारी/ कर्मचारियों को किया सम्मानित



**आदित्य शर्मा**

पुलिसकर्मियों को प्रशस्ति पत्र व नगद पुरस्कार से पुरस्कृत कर, की उनके कार्यो की सराहना। इंदौर पुलिस कमिश्नरेट में आम नागरिकों के लिए बेहतर पुलिसिंग को ध्यान मे रखते हुए, इसके लिए अच्छे कार्य करने वाले अधिकारी/ कर्मचारियों के उत्साहवर्धन हेतु पुलिस कमिश्नर इंदौर के निर्देशन मे साप्ताहिक कार्यक्रम शुरू किया गया है, जिसके तहत ऐसे अधिकारी/ कर्मचारियों को पुरस्कृत किया जा रहा है, जिन्होंने पुलिसिंग के अपने कर्तव्य क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य किया हो। साप्ताहिक पुरस्कार कार्यक्रम के अंतगर्त आज दिनांक 04.11.25 को पलासिया स्थित कार्यालय में पुलिस आयुक्त नगरीय इंदौर श्री संतोष कुमार सिंह द्वारा विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट व सराहनीय कार्य करने वाले निम्न 20 पुलिसकर्मियों को प्रशस्ति पत्र व नगद पुरुस्कार से सम्मानित कर बधाई दी और उन्हें आगे भी ऐसे ही बेहतर कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया। साथ ही इस अवसर पर उपस्थित अन्य पुलिस अधिकारियों ने भी पुरुस्कृत पुलिसकर्मियों के कार्य की सराहना कर उनका हौसला बढ़ाया।

## पुरुस्कृत पुलिसकर्मी

उनि महेश चौहान थाना राऊ- पुलिस थाना राऊ के गुमशुदगी मे महिला को दस्तयाब करने एवं मानव तस्करी गिरोह का खुलासा कर आरोपियों की गिरफ्तारी मे महत्वपूर्ण भूमिका निभाने पर।

प्रआर 2252 अरविंद सिंह तोमर थाना आजाद नगर- थाना आजाद नगर के हत्या के प्रकरण के आऱोपी को गिरफ्तार करने के सराहनीय कार्य करने पर।

प्रआर 3229 विलियम थाना एरोड्रम – चैन स्नैचिंग की वारदात करने वाले आरोपियों को गिरफ्तार करने मे सराहनीय कार्य करने पर।

आर 974 धनसिंह, आर 1602 सतीश रावले थाना कनाडिया - थाना कनाडिया क्षेत्रांतर्गत आगजनी की घटना होने पर निवासरत लोगो को सुरक्षित बाहर निकालने मे सराहनीय व उल्लेखनीय योगदान पर।

प्र आर 90 अरविंद पिपरालिया थाना तिलक नगर - महिला का मोबाईल ऑटो मे छूटने की रिपोर्ट पर त्वरीत कार्यवाही कर मोबाईल ढूंढने मे सराहनीय व उल्लेखनीय कार्य पर।

आर 3431 राघवेंद्र सिंह राजावत, आर 3409 अनिल जायसवाल, आर 3386 विश्वरतन सिंह परिहार थाना हीरानगर - वाहन चेकिंग के दौरान 03 संदिग्धों को अवैध हथियार सहित पकड़ने के सराहनीय कार्य पर।

प्रआर 1066 जितेंद्र सोलंकी थाना अन्नपूर्णा - थाना अन्नपूर्णा क्षेत्रांतर्गत हुई चोरी की घटना का खुलासा कर मश्रुका जप्त करने मे सराहनीय कार्य पर।

प्रआर 4002 धीरज पाण्डेय (थाना चदंन नगर) - थाना चदंन नगर मे हुई चोरी की घटना का खुलासा कर आरोपियों एवं माल खरीदने वाले आरोपियो को गिरफ्तार कर मश्रुका जप्त करने के सराहनीय कार्य पर।

आर 3763 कृष्णचंद शर्मा थाना व्दारकापुरी- अवैध मादक पदार्थ अफीम 463 ग्राम कीमती 4 लाख रुपये की जप्त करने मे सराहनीय कार्य पर

आर 3614 दीपक सिंह परिहार थाना पंढरीनाथ- आत्महत्या का प्रयास करने वाले किन्नरों को समय पर अस्पताल पहुचाने मे मदद कर जान बचाने मे सराहनीय योगदान देने पर।

आर 2429 विनीत राजपूत थाना भवंरकुआ - जिलाबदर का उल्लघंन करने वाले शातिर आरोपी को गिरफ्तार करने के सराहनीय कार्य पर।

आर 1795 देवेंद्र सिंह थाना यातायात - महिला से पर्स छीनकर भागने का प्रयास करने वाले व्यक्ति को पकडने के सराहनीय कार्य पर।

मआर 4444 शारदा मुजाल्दे थाना यातायात- बेहतर यातायात प्रबंधन करने मे सराहनीय योगदान पर।

आर 1877 श्रीराम पाटीदार थाना यातायत - एक्सीडेंट्स मे घायल व्यक्ति को समय पर अस्पताल पहुचाकर जान बचाने के सराहनीय कार्य पर।

प्रआर 1014 आशीष घाघरे थाना यातायात - अवैध हथियार चाकू सहित आरोपी को पकडने के सराहनीय कार्य पर।

सउनि अविनाश दिवाकर थाना अपराध शाखा - अवैध मादक पदार्थ चरस सहित आरोपी को गिरफ्तार करने मे सराहनीय कार्य पर।

आर 3783 मोहन सिंह भदौरिया थाना अपराध शाखा - चेन स्नैचर को मश्रुका सहित पकड़ने एवं अलग अलग प्रकरणों मे 43 ग्राम ब्राउन शुगर व 22 ग्राम एमडी ड्रग्स जप्त करने मे सराहनीय कार्य पर।



## आवश्यक सूचना

पिर्य साथियों आपको सूचित करते हुए हर्ष हों रहा है मध्य प्रदेश कांग्रेस कमेटी के द्वारा नियुक्त सेंधवा विधानसभा के वोट चोर गद्दी छोड़ो हस्ताक्षर अभियान के प्रभारी श्री सोहराब भाई पटेल,, श्री मोंटो सोलंकी विधायक महोदय सेंधवा ,,श्री ग्यारसी लाल रावत प्रदेश महासचिव श्री पोरलाल खरते जी प्रत्याशी लोक सभा नासिर खान जिला संगठन मंत्री, सीलदार सोलकी जिला किसान कांग्रेस,blo 2 तथा मतदाता सूची की समीक्षा हेतु सेंधवा पधार रहे हें आप से निवेदन है आप आवश्यक रूप से उपस्थित होने का कष्ट करेंगे दिनांक 5/11/2025 समय::दोपहर 2 बजे

**स्थान ::कांग्रेस भवन सेंधवा निवेदक ब्लॉक/शहर/महिला/युवक/n.s.u. i/सेवादल/**

## "नर्मदेश्वर महादेव ,65 शिव मंदिर, लगभग 100 वर्ष प्राचीन पुराना मंदिर, कार्तिक पूर्णिमा के शुभ दिवस पर देव दिवाली का आयोजन प्रतिवर्ष की तरहा इस वर्ष भी भव्य आयोजन किया गया"



**खुशबू श्रीवास्तव**

आज के दिन भीष्मपंचक व्रत की पूर्ण आहुति थी जिसमें भीष्म जी का व्रत आज ही के दिन पूर्ण हुआ था इसी उपलक्ष्य में कार्तिक पूर्णिमा के शुभ दिवस पर देव दिवाली का आयोजन प्रतिवर्ष, 65 शिव मंदिर ,श्री नर्मदेश्वर महादेव मंदिर में किया जाता है महिलाएं अपने घर से दिया लाकर भगवान नर्मदेश्वर महादेव को समर्पित करती हैं, 56 भोग के साथ , महिलाएं ,रंगोली बनाती है, फूलों से पूरे मंदिर को सजाया जाता है एवं सभी श्री चिड़ार समाज के लोग यहां आपस में मिलकर भगवान भोलेनाथ एवं मां पार्वती की सालों से पूजा अर्चना करते आ रहे हैं महाआरती के पश्चात महाप्रसादी का आयोजन इस वर्ष भी रखा गया है आयोजन में मुख्य रूप से श्री नितिन चंदेल, श्री अभिषेक हांडे, रवि बेलिया,श्री धर्मेन्द्र हांडे ,मोहन हांडे , लीलाकिशन उस्ताद ,गब्बर गहलोत, देवेन्द्र गहलोत,जीतू शेरा विष्णु कुमार झिरवार रामेश्वर ईश्वरी दयाराम ईश्वरी कुंवरलाल ईश्वरी आशीष हांडे,जगदीश बेलिया राजू बेलिया दीपक हांडे,पप्पू पाण्डे अनिल झिरवार मनोज बेलिया , दिनेश ईश्वरी , गजानंद ( गोलू ),राजेश गौर सुभाष हांडे ब्रजमोहन ईश्वरी भरत हांडे जगदीश सांवर आदि समाजजन शामिल रहे सभी समाजजनों ने देव दिवाली पर समाज एकता का संकल्प लिया।

## भिंड फरियादी के साथ मारपीट और पेशाब पिलाने के आरोपों पर आज उच्च न्यायालय खंडपीठ ग्वालियर में होगी सुनवाई

### फरियादी पक्ष से अधिवक्ता अनिल कुमार जाटव और आरोपी पक्ष से अधिवक्ता अनिल मिश्रा रहेंगे आमने - सामने




**दिव्यानंद अर्गल**

ग्वालियर :- भिण्ड शहर का बहुचर्चित केस मारपीट और पेशाब कांड में आरोपी आलोक शर्मा के द्वारा प्रस्तुत जमानत याचिका पर सुनवाई आज है जिसमें आरोपी के अधिवक्ता अनिल मिश्रा एवं फरियादी की ओर से अधिवक्ता अनिल कुमार जाटव अपना अपना पक्ष रखेंगे,

आपको बता दें भिंड जिले के अटेर तहसील अंतर्गत सुरपुरा ग्राम निवासी दलित व्यक्ति ज्ञानसिंह जाटव ने आरोप लगाया था कि उनके साथ आरोपियों के द्वारा मारपीट और जबरन पेशाब पिलाई गई जिसको लेकर सुरपुरा थाने में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज की गई और आरोपियों को जेल भेजा गया उसके बाद आरोपी आलोक शर्मा ( निवासी दतावली, भिंड ) न्यायालय - विशेष न्यायाधीश ( एस . सी . एस . टी . एक्ट ), भिण्ड म०प्र० ने जमानत याचिका खारिज कर दी थी, उसके बाद आरोपी आलोक शर्मा के द्वारा उच्च न्यायालय खंडपीठ ग्वालियर में जमानत याचिका लगाई गई थी जिसकी सुनवाई 6 नवंबर 2025 को है आरोपी पक्ष से अधिवक्ता अनिल मिश्रा के द्वारा दलीलें दी जाएंगे तो वहीं फरियादी पक्ष से अधिवक्ता अनिल कुमार जाटव के द्वारा फरियादी का पक्ष रखा जाएगा।

### उच्च न्यायालय खंडपीठ ग्वालियर में आज की सुनवाई बहुत अहम मानी जाएगी

**कुछ समय पहले अधिवक्ता अनिल मिश्रा के द्वारा आरोपी के परिवार वालों को वादा किया था कि 10 दिन के अंदर आरोपी आलोक शर्मा की जमानत कवाकर घर पर ले आएंगे अब देखना यह होगा कि आज की सुनवाई में क्या निर्णय निकलता है, क्या आरोपी पक्ष के अधिवक्ता अनिल मिश्रा आरोपी की जमानत करने में सफल होंगे या फरियादी पक्ष के अधिवक्ता अनिल कुमार जाटव जमानत आज का खारिज करवाने में सफल होंगे , इस केस की सुनवाई पर सभी की आंखें टिकी हुई है आगे सबको बेसब्री से इस केस** के निर्णय का इंतजार रहेगा।




## करेरा, जल संसाधन विभाग का कार्यालय बना पेशाबघर




**दीपक परमार**

करेरा (शिवपुरी)। नगर के जल संसाधन विभाग का कार्यालय आज बदहाल स्थिति में है। विभागीय उपेक्षा और साफ-सफाई के अभाव के कारण यह सरकारी कार्यालय अब "पेशाबघर" में तब्दील होता जा रहा है। भवन परिसर के आसपास गंदगी, दुर्गंध और मूत्र की बदबू से वातावरण असहनीय बना हुआ है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि कार्यालय के आसपास खुले में पेशाब करने की प्रवृत्ति लगातार बढ़ती जा रही है, जबकि विभाग के अधिकारी और कर्मचारी इस स्थिति को अनदेखा कर रहे हैं। लंबे समय से भवन की दीवारों पर गंदगी और दुर्गंध का साम्राज्य कायम है, जिससे सरकारी दफ्तर की गरिमा पर सवाल उठ रहे हैं। नगरवासियों ने संबंधित विभाग और नगरपालिका प्रशासन से तत्काल सफाई व्यवस्था दुरुस्त करने और परिसर की दीवारों पर "पेशाब निषेध" बोर्ड लगाने की मांग की है, ताकि सरकारी कार्यालयों की छवि पर इस तरह के दाग न लगें।

# वार्ड 17 में रोड रेस्टोरेशन कार्य की एसडीएम ने की जांच, मौके पर कई अधिकारी रहे मौजूद

ऋषि गोस्वामी

**शिवपुरी। वार्ड क्रमांक 17 में नगर पालिका द्वारा किए गए रोड रेस्टोरेशन कार्य की बुधवार को एसडीएम आनंद कुमार राजावत ने मौके पर पहुँचकर जांच की।**

इस दौरान उनके साथ पीडब्ल्यूडी एसडीओ गौरव जी, नगर पालिका प्रभारी सीएमओ राजेश सक्सेना, उपयंत्री रंजीत खापरे, सत्येंद्र गढ़वाल, नपा बाबू विवेक नामदेव, शुभम राठौर एवं राकेश धाकड़ मौजूद रहे। जांच के दौरान वार्ड क्रमांक 17 के पार्षद राजा यादव और वार्ड क्रमांक 20 के पार्षद विजय शर्मा 'बिंदास' भी उपस्थित रहे। करीब दो हफ्ते पहले नगर पालिका पार्षदों द्वारा रोड रेस्टोरेशन कार्यों में अनियमितता और अधिक भुगतान की शिकायत कलेक्टर महोदय को की गई थी, जिस पर यह जांच कराई गई। बताया जा रहा है कि वार्ड क्रमांक 17 में मां पीतांबरा कंस्ट्रक्शन कंपनी द्वारा लगभग 18 लाख की लागत से रोड रेस्टोरेशन का कार्य कराया गया था।



पार्षदों का आरोप था कि मौके पर कार्य की गुणवत्ता और मात्रा दोनों में गड़बड़ी पाई गई है। एसडीएम राजावत ने मौके पर सड़कों का निरीक्षण कर वास्तविक स्थिति का जायजा लिया और संबंधित अधिकारियों से आवश्यक जानकारी ली। उन्होंने कहा कि जांच निष्पक्ष रूप से की जा रही है और जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसके आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। सूत्रों के अनुसार, आगामी दिनों में वार्ड क्रमांक 25 के रोड रेस्टोरेशन कार्य एवं मुक्तिधाम मुख्य मार्ग से मुक्तिधाम गेट परिसर तक हुए डामरीकरण कार्य की भी जांच की जाएगी।

# सड़क दुर्घटना में मृतक एवं घायल को मिला 26 लाख रुपए से अधिक का मुआवज़ा





सूर्या परमार

शुजालपुर दिनांक 17 मई 2024 को रात्रि लगभग 8:30 बजे, आवेदक बबीता बाई मेवाड़ा निवासी पानखेड़ी के पति धर्मेंद्र मेवाड़ा एवं दिनेश मेवाड़ा निवासी महुआखेड़ी मोटरसाइकिल से कालापीपल से आष्टा किसी कार्यक्रम में जा रहे थे। जैसे ही वे आष्टा-शुजालपुर मार्ग स्थित ग्राम तिलावद के समीप पहुंचे, तभी कार क्रमांक MP 04 EC 3039 के चालक सौरभ ने अपनी कार को तेज गति और लापरवाहीपूर्वक चलाते हुए सामने से मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी। इस हादसे में धर्मेंद्र मेवाड़ा की मौके पर ही मृत्यु हो गई तथा दिनेश मेवाड़ा गंभीर रूप से घायल हो गए। इस दुर्घटना के संबंध में क्षतिपूर्ति दावा श्री महाजनसिंह परमार एवं राजपालसिंह राजपूत, एडवोकेट्स द्वारा माननीय मोटरयान दुर्घटना दावा अधिकरण, शुजालपुर में माननीय सदस्य श्रीमती सपना पोर्ते के समक्ष प्रस्तुत किया गया था।

एडवोकेट्स द्वारा प्रस्तुत साक्ष्य और तर्कों से सहमत होते हुए, माननीय न्यायालय ने मृतक धर्मेंद्र मेवाड़ा के वारिसों -बबीता मेवाड़ा एवं अन्य परिजनों-को 22,31,620/- तथा घायल दिनेश मेवाड़ा को 4,19,125/-, इस प्रकार कुल 26,50,745/- की क्षतिपूर्ति राशि बीमा कंपनी से दिलाने का आदेश पारित किया। साथ ही, न्यायालय ने आवेदन प्रस्तुति की तारीख से 6 प्रतिशत वार्षिक ब्याज भी प्रदान करने के निर्देश दिए हैं।

## एसथेटिक इंटरनेशनल ब्यूटी एजुकेटर ने दी बधाई




इंदौर। एसथेटिक इंटरनेशनल ब्यूटी एजुकेटर सावि उपाध्याय ने रणजीत टाइम्स को हार्दिक बधाई देते हुए कहा कि वह जल्द ही अखबार के माध्यम से ब्यूटी टिप्स और हेल्थ से जुड़ी उपयोगी जानकारियां हर घर तक पहुंचाने जा रही हैं। उन्होंने बताया कि रणजीत टाइम्स जैसे प्लेटफ़ॉर्म से लोगों को सुंदरता और स्वास्थ्य के क्षेत्र में जागरूक करना उनका उद्देश्य रहेगा।

# शुजालपुर में न्याय यात्रा की गूंज- करणी सेना परिवार के प्रमुख ठाकुर जीवन सिंह शेरपुर 15 तारीख को होंगे शामिल, तैयारियां चरम पर



सूर्या परमार

शुजालपुर में करणी सेना की न्याय यात्रा-ठाकुर जीवन सिंह शेरपुर होंगे शामिल, नगर में तैयारियां तेज शुजालपुर।आने वाली 15 तारीख को करणी सेना परिवार के प्रमुख ठाकुर जीवन सिंह शेरपुर शुजालपुर नगर में न्याय यात्रा में शामिल होने आ रहे हैं। इस यात्रा को लेकर करणी सेना संगठन में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। जिला संगठन मंत्री नानू बना ने बताया कि ठाकुर जीवन सिंह जी के आगमन को लेकर गांव-गांव जनसंपर्क



अभियान चलाया जा रहा है। करणी सैनिक लोगों से अपील कर रहे हैं कि सभी अधिक से अधिक संख्या में न्याय यात्रा में सम्मिलित हों और समाज की एकता व न्याय के इस संदेश को आगे बढ़ाएं। नानू बना ने आगे बताया कि यह न्याय यात्रा शुजालपुर सिटी के किशनदीप गार्डन से प्रारंभ समय सुबह 11 बजे होगी, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए शिवाजी चौक पहुंचेगी, जहां छत्रपति शिवाजी महाराज की प्रतिमा पर माल्यार्पण किया जाएगा। इसके बाद यात्रा मंडी मार्ग से होती हुई कृषि उपज मंडी परिसर में सम्पन्न होगी यात्रा में बड़ी संख्या में करणी सैनिकों और समाजजनों के शामिल होने की संभावना है। नगर में ठाकुर जीवन सिंह शेरपुर के स्वागत की तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं। जगह-जगह स्वागत द्वार और स्वागत मंच बनाए जा रहे हैं।

# राजपूत सेवा समिति के तत्वावधान में धार सिद्धनाथ मंदिर में अन्नकूट महोत्सव एवं दीपावली मिलन समारोह भव्य रूप से संपन्न





राजपूत सेवा समिति के सौजन्य से अन्नकूट महोत्सव एवं दीपावली मिलन समारोह बड़े ही हर्षोल्लास और सामाजिक एकता के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजपूत चेतना मंडल इंदौर के श्री सुनील जी सिकरवार, मनोहर सिंह जी चौहान एवं अन्य सदस्य रहे। साथ ही वीरांगना फाउंडेशन की अध्यक्ष श्रीमती वंदना सिंह, पूजा सिंह एवं रानी सिंह ने अपनी गरिमामयी उपस्थिति से कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई। कार्यक्रम का शुभारंभ महाराणा प्रताप जी की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया।

इसके पश्चात भगवान नरसिंह जी की आरती के साथ धार्मिक वातावरण में अन्नकूट प्रसादी का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष श्री शैलेंद्र सिंह जी परिहार ने समाज के उत्थान हेतु कई बीमा योजनाओं एवं सामाजिक सुरक्षा योजनाओं पर प्रकाश डाला, जिन्हें आने वाले दिनों में समिति द्वारा लागू किया जाएगा। राजपूत समाज चेतना मंडल इंदौर ने इस अवसर पर अपना परिचय सम्मेलन फोल्डर का विमोचन भी राजपूत सेवा समिति के मंच से किया, जो समिति एवं सम्पूर्ण समाज के लिए गर्व और सम्मान की बात रही। राजपूत समाज के विभिन्न नगरों से प्रतिनिधियों ने इस आयोजन में भाग लेकर समाज एकता का संदेश दिया — इंदौर से श्री




प्रदीप सिंह तोमर साहब, बड़वानी से श्री चंद्र सिंह तोमर साहब, धरमपुरी से श्री मिश्रीलाल ठाकुर साहब, खलघाट से श्री महेश जी सिसोदिया साहब, रेवांचल शाखा से श्री रवि सिंह जी सोनगरा,साहब, धार से श्री ताराचंद जी सिसोदिया साहब एवं श्री गोपाल सिंह जी सिसोदिया साहब, कुक्षी से श्री विवेक सिंह जी सिसोदिया साहब, तथा घाटा बिल्लोद से पधारी क्षत्राणीश्रीमती शोभा ओमप्रकाश जी परिहार ने भी अपने प्रेरणादायक शब्दों से समाज के उत्थान एवं राजपूताना गौरव पर प्रकाश डाला।

सभी अतिथियों को मंच पर आमंत्रित कर शाल ओढ़ाकर एवं स्मृति-चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। मंच पर उपस्थित छोगालाल जी सांखला साहब ने अपनी भावपूर्ण प्रस्तुति "मैं तो छोटा-सा नन्हा दीपक, मेरी क्या औकात" देकर सभी का मन मोह लिया। लगभग 80 वर्ष की आयु में भी समाज सेवा के प्रति उनका उत्साह और समर्पण सभी के लिए प्रेरणा का स्रोत रहा। सभी उपस्थित अतिथियों एवं समाजबंधुओं ने उनके इस जोश और भावना की खुले दिल से प्रशंसा की। इस अवसर पर वर्षा रत्नेश सिंह परिहार ने समाज में योग के महत्व पर विशेष रूप से प्रकाश डाला।

उन्होंने सभी समाजबंधुओं को प्रतिदिन योग करने के लिए प्रेरित किया तथा योग को बढ़ावा देने हेतु अनेक प्रेरणादायक बातें साझा कीं। कार्यक्रम के दौरान समिति के संरक्षक श्री मनोहर सिंह जी चौहान साहब ने समाज की कुछ वर्तमान परिस्थितियों एवं आवश्यक सुधारों पर विचार व्यक्त किए। वहीं समिति के महासचिव श्री कैलाश सिंह जी चौहान साहब ने भी समाज की महत्वपूर्ण समस्याओं पर चर्चा कर उनके समाधान के उपाय प्रस्तुत किए। दोनों वरिष्ठजनों के मार्गदर्शन ने समाजबंधुओं को नई दिशा एवं प्रेरणा प्रदान की। कार्यक्रम के समापन पर उपस्थित समाजबंधुओं ने अन्नकूट प्रसादी ग्रहण की और कार्यक्रम की सफलता पर शुभकामनाएं एवं बधाइयां दीं। कार्यक्रम के अंत में राजपूत सेवा समिति के उपाध्यक्ष श्री राजेश जी सोनगरा धामनोद ने सभी अतिथियों एवं समाजबंधुओं का हृदय से आभार व्यक्त किया।

# Meta की टिपलाइन से खुला बड़ा साइबर अपराध, इंदौर में बाल अश्लील वीडियो शेयर करने वाला आरोपी गिरफ्तार, सेंट्रल जेल भेजा गया

आदित्य शर्मा

**इंदौर। अमेरिका की कंपनी मेटा इंक (Meta Inc.) द्वारा भारत सरकार के गृह मंत्रालय को दी गई टिपलाइन सूचना के आधार पर राज्य साइबर सेल इंदौर ने बड़ी कार्रवाई की है। साइबर पुलिस ने फेसबुक और इंस्टाग्राम के विभिन्न ग्रुपों के माध्यम से बालक-बालिकाओं के अश्लील वीडियो डाउनलोड और शेयर करने वाले आरोपी कमल लोबानिया निवासी इंदौर को गिरफ्तार किया है। न्यायालय ने आरोपी को इंदौर की सेंट्रल जेल भेज दिया है। मेटा इंक की ओर से गृह मंत्रालय के जरिए मिली सूचना में आरोपी की पहचान फेसबुक और इंस्टाग्राम पर सक्रिय अश्लील ग्रुपों से जुड़कर प्रतिबंधित वीडियो सामग्री डाउनलोड और शेयर करने वाले व्यक्ति के रूप में की गई थी। राज्य साइबर सेल को यह शिकायत संयुक्त राज्य अमेरिका की साइबर टिपलाइन के माध्यम से प्राप्त हुई थी।**



## ऑपरेशन नयन के तहत बड़ी कार्रवाई

राज्य सायबर पुलिस जोन इंदौर द्वारा चलाए जा रहे ऑपरेशन नयन के अंतर्गत इस कार्रवाई को अंजाम दिया गया। निरीक्षक अंजू पटेल, उपनिरीक्षक रामप्रकाश बाजपेई और आरक्षक रमेश भिड़े की टीम ने तकनीकी विश्लेषण कर आरोपी का पता लगाया। शिकायत में नाबालिग बच्चों से संबंधित अश्लील वीडियो सामग्री डाउनलोड और शेयर करने की बात सामने आई थी। इसी आधार पर अपराध क्रमांक 168/25 दर्ज किया गया, जिसमें आईटी एक्ट की धारा 67, 67ए और 67बी के तहत कार्रवाई की गई। आरोपी कमल लोबानिया (31 वर्ष), निवासी इंदौर, से पूछताछ में उसने स्वीकार किया कि उसे चाइल्ड पोर्नोग्राफी से जुड़ी वीडियो सामग्री फेसबुक और इंस्टाग्राम ग्रुपों के जरिए मिली थी, जिसे उसने डाउनलोड कर अन्य व्यक्तियों को भी भेजा। पुलिस ने आरोपी के पास से मोबाइल फोन और सिम कार्ड जब्त किए हैं। निरीक्षक अंजू पटेल और उनकी टीम की सराहनीय भूमिका पूरे मामले में निरीक्षक अंजू पटेल, उपनिरीक्षक रामप्रकाश बाजपेई और आरक्षक रमेश भिड़े की त्वरित और तकनीकी दक्षता वाली कार्रवाई की सराहना की जा रही है।

## सायबर सेल ने जनता से की अपील-सतर्क रहें, रिपोर्ट करें

सोशल मीडिया पर किसी भी संदिग्ध लिंक, विशेषकर नीले रंग की लिंक (Blue Link) पर क्लिक न करें। व्हाट्सएप, टेलीग्राम, फेसबुक या इंस्टाग्राम पर किसी भी ऐसे ग्रुप से न जुड़ें जो नाबालिगों से संबंधित अश्लील सामग्री साझा करते हों। किसी भी प्रकार की अश्लील सामग्री को सोशल मीडिया पर अपलोड, डाउनलोड या शेयर करना कानूनन अपराध है। यदि किसी प्लेटफार्म पर नाबालिग बच्चों के अश्लील वीडियो या फोटो अपलोड दिखें, तो तुरंत इसकी शिकायत वेबसाइट www.cybercrime.gov.in

# पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा जारी निर्देशों के तहत शिवपुरी पुलिस द्वारा आग से रेस्क्यू पर मॉक ड्रिल कराई गयी











**दीपक परमार**

पुलिस अधीक्षक शिवपुरी के निर्देशन मे 32 नंबर कोठी पर आगलगने की सूचना पर पुलिस बल, फायर बिग्रेड, SDRF टीम, एम्बुलेंस आदि के साथ आग पर काबू पाकर घायलों को अस्पताल पहुंचाने का अभ्यास किया पुलिस मुख्यालय भोपाल द्वारा समस्त जिलों को आग की घटनाओं पर तुरंत कार्यवाही करने एवं आग से होने वाली हानियों को कम से कम करने के लिये मौक ड्रिल आयोजित करने हेतु आदेशित किया गया है। उक्त आदेश के पालन मे आज दिनांक 05.11.2025 को शिवपुरी पुलिस द्वारा आग की घटना के दौरान रेस्क्यू की प्रक्रिया पर मॉक ड्रिल का आयोजन रेस्क्यू क्षमताओं का परीक्षण किया गया।

आग लगने पर रेस्क्यू मॉक ड्रिल एक अभ्यास है जिसमें आग लगने की स्थिति का निर्मित करके बचाव और प्रतिक्रिया, प्रक्रियाओं का परीक्षण किया जाता है। इसका उद्देश्य कर्मचारियों को प्रशिक्षित करना और वास्तविक आपदा में लोगों की जान और माल को बचाने के लिए आपातकालीन योजनाओं की प्रभावशीलता का मूल्यांकन करना है। आज पुलिस अधीक्षक शिवपुरी श्री अमन सिंह राठौड़ के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री संजीव मुले के मार्गदर्शन में शिवपुरी पुलिस द्वारा आग लगने और रेस्क्यू की मॉक ड्रिल का आयोजन किया गया, जिसमे 32 नंबर कोठी में आग लगने की सूचना मिलने पर कंट्रोल रूम द्वारा तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों एवं सीएसपी शिवपुरी श्री संजय चतुर्वेदी को सूचना दी गई। इसके बाद पुलिस कन्ट्रोल रुम द्वारा तत्काल रक्षित निरीक्षक और शहर के तीनों थाना प्रभारियों व संबंधितों को सूचना दी गई। सूचना पर से शहर के सभी थानों से बल को आग लगने बाली जगह पर रवाना कर तुरंत मौके पर पहुंचे, इसके बाद शीघ्र ही एम्यूलेंस, SDERF का बल एवं फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंची जो सीएसपी शिवपुरी के नेतृत्व में आग बुझाई गई और एक व्यक्ति को SDERF टीम की मदद से रेस्क्यू कर एम्बुलेंस से हॉस्पिटल रवाना किया गया।

**जन्मदिन की अग्रिम शुभ सूचना**

"रंजीत टाइम्स" में अब आप अपने या अपने प्रियजनों का जन्मदिन एक दिन पहले ही निशुल्क प्रकाशित करवा सकते हैं!

बस हमें भेजिए: 1 जन्मदिन मनाने वाले की फोटो

2 उसका पूरा नाम- 3 बधाई देने वाले का नाम जन्मदिन के एक दिन पहले ही विज्ञापन भेज दें, ताकि समय रहते प्रकाशित किया जा सके।

भेजने का नंबर (Aditya): 8224951278

रंजीत टाइम्स में आपका विज्ञापन पूरी तरह मुफ्त प्रकाशित किया जाएगा!
अपने जज़्बातों को शब्द दें – सिर्फ रंजीत टाइम्स के साथ।
टीम रंजीत टाइम्स- "आपका अपना अख़बार, आपकी आवाज़"

रणजीत टाइम्स

दैनिक रणजीत टाइम्स
जिला एवं तहसील स्तर पर
एजेंसी देना है
अपना बायोडाटा सम्पूर्ण विवरण के साथ हमें प्रेषित करें।
सम्पर्क करें
8224951278 :: 9827068888

## पुलिस थाना करैरा जिला शिवपुरी की टीम ने शासकीय अस्पताल के पास नई बस्ती करैरा में जाकर महिलाओं ,पुरुषों ,बालिकाओं व बालकों को ऑपरेशन मुस्कान के संबंध में जानकारी देकर जागरूक किया व अपराधियों से सतर्क सुरक्षित रहने की समझाईस दी

**दीपक परमार**



शिवपुरी। पुलिस मुख्यालय मध्य प्रदेश भोपाल के निर्देश पर दिनांक 1/1/25 से 30/ 11/ 25 तक मुस्कान अभियान चलाया जा रहा है इसी तारतम्य में पुलिस अधीक्षक श्री अमन सिंह राठौड़ ,अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजीव मुले एवं एसडीओपी करैरा श्री आयुष जाखड़ आईपीएस के निर्देशन में एवं थाना प्रभारी करैरा टीआई विनोद सिंह छाबई के नेतृत्व में पुलिस थाना करैरा की टीम ने आज शासकीय अस्पताल के पास नई बस्ती करैरा में जाकर महिला ,पुरुष बालक व बालिकाओं को ऑपरेशन मुस्कान के तहत जागरूक किया एवं पुलिस टीम की एस आई अंजली सिंह व एएसआई शैलेंद्र सिंह चौहान ने बताया कि आप सभी अपने बालक बालिकाओं को अपराधियों से सुरक्षित रखें ताकि कोई भी अपराधी बालक बालिका का अपहरण कर उनके साथ कोई वारदात नहीं कर सके ।उन्हें बच्चा चोरी ,साइबर फ्रॉड,बाल विवाह ,दहेज प्रथा, गुडटच-बेडटच व नशा के दुष्परिणाम को समझाकर अपराधियों से सतर्क , सावधान , सुरक्षित रहने की जानकारी दी। दुर्घटना से बचने के भी टिप्स दिए गए । महिला हेल्प लाइन1090, पुलिस हेल्पलाइन 112, साइबर हेल्प लाइन1930 , चाइल्ड हेल्प लाइन1098 के नंबर की व अपराधियों से सुरक्षित व सतर्क रहने संबंधित पेम प्लेटस बांटी गई। नई बस्ती की चंदा प्रजापति ने पुलिस टीम का सहयोग किया।

इस कार्यक्रम मे पुलिस थाना करैरा की टीम में उप निरीक्षक अंजली सिंह, सउनि शैलेंद्र सिंह चौहान, प्रधान आरक्षक राजेंद्र सिंह यादव ,महिला महिला आरक्षक नीलम परिहार आरक्षक चालक राघवेंद्र यादव ,एनआरएस प्रहलाद यादव व अनिकेत सिंह शामिल रहे।

# गुरु के श्रीचरणों में समर्पित हुए बगैर आत्मतत्व प्राप्त नहीं हो सकता



रणजीत टाइम्स

गुरु नानक देव आत्मसाक्षात्कारी संत थे। वे कहते थे आत्मस्वरूप ओमकार प्रधान है। आत्मस्वरूप या परमात्मस्वरूप इस संपूर्ण ब्रह्मांड का कर्ता, कर्विता और भोक्ता भी है। वह आत्मस्वरूप कालातीत, निर्भय, अविकारी, आदि, अनादि अयोनिज (अर्थात किसी भी योनि से न जन्मे हुए) और सत्यस्वरूप है। परमात्मा के इस आत्मस्वरूप को हम कैसे प्राप्त कर सकते हैं? तो वे उत्तर देते हैं "गुरुप्रसाद '' अर्थात गुरु के श्रीचरणों में समर्पित हुए बगैर वह आत्मतत्व हमें प्राप्त नहीं हो सकता। वह आत्मतत्व गुरुप्रसाद है। गुरुनानक देव सभी को समान उपदेश देते थे। एक बार 'नवाब साहब के यहाँ, मेहमान बनकर गये। नवाब साहब बोले आप तो महान संत हैं। हिंदू और मुसलमानों में भेद नहीं करते, तो आज चलिये, हमारे साथ, नमाज पढ़िये। गुरुनानक देव नवाब साहब से बोले, केवल एक शर्त पर ! जब मैं नमाज पढूं तब आपको भी मेरे साथ नमाज पढ़नी पड़ेगी। है मंजूर ? नवाब साहब बोले , मैं तो नमाज पढ़ने ही जा रहा हूं, तो नमाज पढूंगा ही। तत्कालीन 'समाज मे सर्वत्र चर्चा फैल गयी कि गुरुनानक देव मस्जिद में नमाज पढ़ने जा रहे हैं। नवाब भी गुरुनानक जी के साथ मस्जिद गये। नवाब साहब ने नमाज पढ़ी परंतु देव खड़े ही रहे, उन्होंने नमाज नहीं पढ़ी। नवाब साहब देख रहे थे कि ,नानकदेव नमाज नहीं पढ़ रहे हैं। नमाज अदा हो गयी और नवाब साहब आग बबूला हो गये, बोले नानक तुम झूठे हो , तुमने अपना शब्द नहीं निभाया | गुरुनानकदेव बोले, मेरी ये शर्त थी कि , जब आप नमाज पढेंगे तभी मैं नमाज पढूंगा। आपने तो नमाज पढ़ी ही नहीं , नबाब और बौखला गये ,बोले पूरी मस्जिद साक्षी है की मैंने नमाज पढ़ी। 'नानक' देव बोले, जब नमाज पढ़ी जा रही थी तब आप काबुल में घोड़े खरीद रहे थे | नवाब साहब सकपका गये। सचमुच में नवाब का एक घोड़ा मर गया था और वे सोच रहे थे कि अब काबुल में जाकर उसी नस्ल के घोड़े खरीदेंगे। गुरुनानक देव बोले जब हम नमाज पढ़ते हैं तो अल्लाह की भक्ति में पूर्णतः लीन हो जाते हैं, निर्विचार हो जाते हैं। प. पू. श्री माताजी प्रणित सहजयोग में जब साधक को आत्मसाक्षात्कार प्राप्त होता है तो पहले ही दिन कुछ क्षण के लिये ये 'निर्विचारिता' साधक को प्राप्त हो जाती है। धीरे-धीरे नियमित ध्यान से यह स्थिति सुदृढ़ होती जाती है। सहजयोग की अधिक जानकारी टोल फ्री नंबर 18002700800 अथवा यूट्यूब चैनल लर्निंग सहजयोगा से प्राप्त कर सकते हैं। सहजयोग पूर्णतया निःशुल्क ध्यान पद्धति है।

# इंदौर में युवक की चाकू मारकर हत्या:KTM शोरूम के पास पड़ा मिला, अस्पताल ले जाते वक्त रास्ते में मौत

**इंदौर में सोमवार रात एक युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई। वह हीरानगर में गंभीर हालत में पड़ा था।**

सूचना मिलते ही टीआई सहित पुलिस बल मौके पर पहुंचा। उसे तुरंत एमवाय भेजा गया। इस दौरान रास्ते में उसकी



मौत हो गई।

हीरानगर टीआई सुशील पटेल के मुताबिक मृतक का नाम कालू उर्फ शुभम है। करीब सोमवार रात 11 बजे उसके केटीएम शोरूम के पास घायल होने की सूचना मिली थी। मौके पर पहुंचे तो उसके शरीर पर चाकू के निशान थे। अभी मृतक के बारे में इतनी ही जानकारी आई है। वहीं, आरोपियों की भी जानकारी जुटाई जा रही है। पुलिस आसपास के इलाके में शुभम के बारे में जानकारी इकट्ठा कर रही है।

# भिक्षावृक्ति रोकने हेतु इंदौर में फिर से लागू, भारतीय न्याय संहिता की प्रतिबंधात्मक धारा 163



दीपक वाड़ेकर

नवीन कलेक्टर शिवम वर्मा ने आते ही इंदौर में भिक्षावृक्ति अभियान को नई दिशा प्रदान करते हुए पूरी ऊर्जा से भिक्षावृत्ति मुक्त अभियान चलाएं जाने हेतु जहां सभी प्रकार के प्रबंध किए हैं वही इंदौर राजस्व सीमा के अंतर्गत चौथी बार फिर से भारतीय न्याय संहिता (भारतीय नागरिक संहिता 2023) की धारा 163 लागू कर दी है कलेक्टर महोदय ने अपने हस्ताक्षर से 30 अक्टूबर 2025 से 25 दिसंबर 2025 तक के लिए फिर से प्रतिबंधात्मक धारा 163 जारी कर दी। ज्ञात हो कि पूर्व में भी यह धारा तीन बार इंदौर में लगाई जा चुकी है जिसके चलते भिक्षावृत्ति करने वालों पर कानूनी कार्यवाही की गई है भिक्षा लेने एवं भिक्षा देने दोनों को प्रतिबंधित करते हुए भिक्षा देने वालों पर भी FIR कराई गई है, अभी वर्तमान में लगातार भिक्षावृत्ति अभियान के तहत कार्यवाहियां की जा रही है महिला बाल विकास विभाग के दलों के द्वारा सुबह से शाम तक सभी चौराहों मंदिरों एवं गलियों में निगरानी कर आवश्यक कार्यवाही की जा रही है एवं प्रतिदिन भिक्षावृत्ति करने वालों को रेस्क्यू कर पुनर्वास केंद्र भेजा जा रहा है भिक्षावृत्ति करने वालों पर कानूनी कार्यवाही करने के लिए कलेक्टर महोदय ने भारतीय नागरिक अधिनियम 2023 की धारा 163 के तहत भिक्षावृत्ति को पूर्ण प्रतिबंध करते हुए आदेश जारी किया है।

""इंदौर में किसी भी प्रकार की भिक्षावृत्ति को पूर्ण प्रतिबंध किया जाता है भिक्षुकों को भिक्षा स्वरूप कुछ भी देना या उनसे किसी भी प्रकार का सामान खरीदना प्रतिबंधित किया जाता है जो व्यक्ति भिक्षकों को भिक्षा स्वरूप कोई भी चीज प्रदान करता है या देता है या कोई सामान खरीता है तो उस व्यक्ति के विरुद्ध भी इस आदेश के उल्लंघन के लिए कानूनी कार्यवाही की जाएगी"।

इंदौर में फरवरी 2024 से महिला बाल विकास विभाग के द्वारा लगातार भिक्षावृत्ति उन्मूलन के प्रयास जारी है और इस अभियान के तहत इंदौर को भिक्षावृत्ति मुक्त बनाने में शासन को काबिले तारीफ सफलता भी हासिल हुई है, जहां इंदौर में हर मंदिर चौराहा में भिक्षावृत्ति करने वालों की भीड़ दिखाई देती थी आज चोरी छुपे एक या दो लोग ही दिखाई पड़ते हैं जो कि शासन के प्रयासों को दर्शाता है। कलेक्टर महोदय के जारी इस आदेश से यह निश्चित हो गया है कि यह अभियान लगातार चलता रहेगा और आगामी समय में इस संबंध में और भी कार्यवाहियां होगींइंदौर भारत का ऐसा पहला शहर है जो भिक्षावृत्ति मुक्त शहर के रूप में संपूर्ण देश में जाने-जाने लगा है जिस तरह इंदौर ने स्वच्छता में अपनी पहचान बनाई थी उसी तरह आज इंदौर भिक्षावृत्ति मुक्त अभियान में अपनी पहचान बना रहा है, महिला बाल विकास अधिकारी श्री रजनीश सिंन्हा जी का कहना है कि इंदौर की जनता हर अभियान और कार्यवाही में हमेशा अग्रणी रहती है और शासन को पूरा समर्थन प्रदान करती है तो उम्मीद है कि इस अभियान में भी जनता का पूरा सहयोग मिलेगा और जनता के द्वारा भिक्षावृत्ति को पूर्ण प्रतिबंध करने में अपना संपूर्ण सहयोग प्रदान किया जाएगा. भिक्षावृत्ति ऐसी सामाजिक समस्या है जिसमें अनेक बच्चों का बचपन छीन जाता है न केवल वह कुपोषण बल्कि चोरी ड्रग्स एवं अन्य आपराधिक गतिविधियों में भी आसानी से शामिल हो जाते है. इसलिए शासन के द्वारा" भिक्षा नहीं शिक्षा दो" पर फोकस किया जा रहा है।